कोरोनावायरस (COVID-19): स्कॉटलैंड का स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क अपडेट - नवंबर 2021

हमारा *COVID-19: स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क* स्कॉटलैंड में महामारी के प्रबंधन के लिए हमारे दृष्टिकोण के विभिन्न तत्वों को निर्धारित करता है। Strategic Framework in June 2021, के अंतिम अपडेट के बाद से, हमने जुलाई और अगस्त में प्रतिबंधों में छूट दी, लेकिन वायरस को नियंत्रण में रखने में मदद करने के लिए कई कानूनी उपायों के साथ-साथ मार्गदर्शन को कायम रखा। इसके साथ-साथ, हमारा COVID-19 टीकाकरण कार्यक्रम सक्रिय रूप से शुरू है और इसके कवरेज में विस्तार जारी रहा है।

वर्तमान में, मामले उच्च स्तर पर बने हुए हैं और COVID-19 की बिगड़ती स्थिति के कारण हमारा NHS बहुत महत्वपूर्ण पड़ रहे दबावों का सामना कर रहा है। आगे हम सर्दियों के चुनौतीपूर्ण मौसम की अपेक्षा करते हैं, जिसमें इन्फ़्लुएन्ज़ा की अवधि एक विशेष जोखिम है। हम यह भी जानते हैं कि समय के साथ COVID-19 के टीके का प्रभाव कम होता है, जो कि वर्तमान बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम की आवश्यकता पर ज़ोर देता है।

यह इन संभावित दबावों और COVID-19 के बढ़ते हुए मामलों के संदर्भ में है कि स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क का यह अपडेट महामारी के प्रबंधन के लिए हमारे नवीनतम दृष्टिकोण को निर्धारित करता है। इस दृष्टिकोण की सफलता के लिए, हमारे लिए ज़रूरी है कि हम अपने सामूहिक प्रयास को बनाए रखें, नियमों और मार्गदर्शन का पालन करें और पात्र होने पर टीका लगवाएं।

महामारी की वर्तमान स्थिति और भविष्य के संभावित परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, हमारा अनुमान है कि हमारी COVID-19 प्रतिक्रिया का मार्गदर्शन करने वाला वर्तमान रणनीतिक आशय उचित है: "कि जिस दौरान हम स्वास्थ्य को बहाल करते हैं और बेहतर भविष्य के लिए पुनर्निर्माण करते हैं, तब वायरस को उस अनुरूप स्तर तक दबा दें जिससे उसके नुकसान को कम किया जा सके।"

हमारा मानना है कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास करने के द्वारा कि हमारे हस्तक्षेप महामारी के विभिन्न नुकसानों को कम करें और आवश्यक और यथोचित बने रहें, हम स्कॉटलैंड को महामारी के तीव्र चरण से उबारने और बेहतर, उचित और हरित भविष्य के लिए पुनर्निर्माण करने की स्थिति के लिए सक्षम बनाएंगे। महामारी से निपटने के लिए हमारे पास जो विभिन्न हस्तक्षेप हैं, वे नीचे हमारे स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क के छह तत्वों के रूप में निर्धारित किए गए हैं।

टीकाकरण

टीकाकरण कार्यक्रम की महत्वपूर्ण प्रगति जारी है और 12-17 वर्ष के बच्चों के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों के लिए बूस्टर डोज़ प्रदान किए जाने तक विस्तारित किया गया है। हमारे अब तक के सबसे बड़े इन्फ़्लुएन्ज़ा टीकाकरण कार्यक्रम के साथ बूस्टर कार्यक्रम अब शुरू किया जा रहा है। टीकाकरण और प्रतिरक्षण (JCVI) पर संयुक्त समिति की सलाह के बाद, 15 नवंबर को 40 से 49 वर्ष की आयु के लोगों को भी बूस्टर टीकाकरण की पेशकश की जाएगी और वे जल्द ही अपनी एपॉइंटमेंट बुक करने में सक्षम होंगे। साथ ही 16 से 17 साल के बच्चों को टीके का दूसरा डोज़ दिया जाएगा।

परीक्षण और सुरक्षा

शरद ऋतु और सर्दियों में संचरण को कम करने में परीक्षण और सुरक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। लंबी अवधि में, जैसे-जैसे हम महामारी के तीव्र चरण से क्षेत्र विशेष के COVID के प्रबंधन के प्रति आगे बढ़ रहे हैं, परीक्षण के तत्व हमारी प्रतिक्रिया के प्रमुख भाग बने रहेंगे - विशेष रूप से नैदानिक देखभाल के लिए परीक्षण तथा निगरानी और नियंत्रण के लिए परीक्षण। ज्ञान प्रदान करने और टीके से बचने से जुड़े जोखिम या चिंतित करने वाले संभावित वेरिएंट के कारण होने वाली गंभीर बीमारी में वृद्धि के जोखिम को कम करने के लिए जीनोमिक सिक्वेंसिंग (अनुक्रमण) और निगरानी (अपशिष्ट जल परीक्षण सहित) के लिए क्षमता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा।

सुरक्षात्मक उपाय

वायरस को नियंत्रण में रखने के लिए कई कानूनी आवश्यकताएं स्थापित की गयी हैं। इनमें अधिकांश इनडोर पब्लिक सेटिंग्स और सार्वजनिक परिवहन (छूट दिए गए लोगों को छोड़कर) में अनिवार्य रूप से फेस कवरिंग शामिल हैं। कुछ उच्च संचरण-जोखिम वाले ठिकानों के लिए एक टीका प्रमाणन योजना भी शुरू की गई है। इन कानूनी आवश्यकताओं के अतिरिक्त लोगों, व्यवसायों और अन्य संगठनों को संचरण के जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन की एक श्रृंखला स्थापित की गयी है। इसमें घर से काम करना और स्कूलों में सुरक्षात्मक उपाय जैसे मामले सम्मिलित हैं।

संयुक्त रूप से, हम मानते हैं कि महामारी से होने वाली हानि को कम करने के लिए ये 'आधारभूत उपाय' अभी के लिए आवश्यक हैं क्योंकि अकेले प्रतिरक्षा अभी तक पर्याप्त नहीं है। सभी कानूनी उपाय आवश्यक और यथोचित बने रहें यह सुनिश्चित करने के लिए हम निरंतर उनकी समीक्षा करते रहते हैं। यदि महामारी की स्थिति उल्लेखनीय ढंग से बिगड़ती है - उदाहरण के तौर पर टीके की कमी होने या अधिक संक्रामक और हानिकारक वेरिएंट के कारण - तो हम लक्षित और यथोचित हस्तक्षेप जो उस समय की महामारी विज्ञान से जुड़ी परिस्थितियों को दर्शाता है, के साथ जवाब देने के लिए तैयार होंगे। हमें आशा है कि यह आवश्यक सिद्ध नहीं होगा, लेकिन यह भी ज्ञात है कि जल्दी किया गया और प्रभावी हस्तक्षेप बाद में कठिन उपायों की आवश्यकता से बचा सकता है।

आयात करने के जोखिम का प्रबंधन

वायरस के आयात के खिलाफ और विशेष रूप से नए वेरिएंट के आयात को कम करने में मदद के लिए यथोचित सीमा उपायों का उपयोग निरंतर किया जा रहा है।

अनुपालन का समर्थन करना

टीकाकरण, परीक्षण और नियमों एवं मार्गदर्शन के अनुपालन को बढ़ावा देकर हमारा लक्ष्य संचरण को कम करना और अधिक प्रतिबंधों की आवश्यकता से बचना है। प्रभावी संचार और विपणन, हितधारक और समर्थन के अन्य रूपों के माध्यम से इस साझा प्रयास में अपने भागीदारों के साथ काम करना हम जारी रखेंगे। वायरस को नियंत्रण में रखने के लिए निरंतर सशक्त अनुपालन आवश्यक है।

संकटकाल के नुकसान को कम करने के लिए देखभाल और सहायता प्रदान करना

महामारी के प्रबंधन के लिए हमारे दृष्टिकोण में निहित एक प्रमुख तत्व संकट से प्रभावित लोगों, संगठनों और व्यवसायों की देखभाल और सहायता का प्रावधान है। विशेष रूप से COVID-19 और 'लॉन्ग COVID' के इलाज में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। महामारी से होने वाले नुकसान को और कम करने के लिए अर्थव्यवस्था और व्यापक समाज के क्षेत्रों के साथ मिलकर हम कार्य करना जारी रख रहे हैं। संयोजन में, और स्कॉटलैंड भर के लोगों, व्यवसायों और संगठनों के निरंतर प्रयासों द्वारा समर्थित, हम मानते हैं कि ये उपाय महामारी के व्यापक नुकसान को कम कर सकते हैं जैसे कि हमने भी अपना ध्यान COVID-19 से जुड़ी पुनःप्राप्ति पर केंद्रित किया है।

भविष्य पर एक नज़र

हमारा मानना है कि पूरे स्कॉटलैंड भर में लोगों, व्यवसायों और संगठनों के निरंतर प्रयासों और योगदान द्वारा समर्थित ये उपाय हमें महामारी के व्यापक नुकसान को कम करने में मदद करेंगे। यह स्थायी पुनःप्राप्ति के लिए मंच प्रदान करेगा जो एक बेहतर और उचित भविष्य के साथ निम्न पर ध्यान केंद्रित करेगा:

- अनुकूल, ऊर्जा से भरी नौकरियां और उचित कार्य;
- कम आय वाले परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा; तथा
- बच्चों और युवाओं का कल्याण।

भविष्य के लिए सबक सीखना हमारे लिए अनिवार्य है और हम सीखेंगे - हमारी आगामी सार्वजनिक जांच यह स्पष्ट करने में मदद करेगी कि क्या हुआ और क्यों हुआ और भविष्य में समान चुनौतियों का बेहतर प्रबंधन करने में हमारी मदद करेगा।

आने वाले समय में COVID-19 के प्रबंधन में संभावित रूप से समय-समय पर बूस्टर टीकाकरण, निगरानी, नियंत्रण और नैदानिक उद्देश्यों के लिए निरंतर परीक्षण, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा उपाय (अन्य देशों द्वारा लागू किए गए सहित), इमारतों में बेहतर वायु-संचार, बेहतर स्वच्छता उपायों की निरंतरता, लक्षण दिखने पर स्वैच्छिक रूप से फेस मास्क पहनना और संक्रामक बीमारियों से पीड़ित होने पर काम से दूर रहना जैसे उपाय शामिल हो सकते हैं।

लंबी अवधि के लिए व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक लाभ की संभावना के साथ, इन उपायों और व्यवहारों से COVID-19 से निपटने के अतिरिक्त सकारात्मक लाभ होंगे। इतने सारे लोगों के प्रयासों और समझ के कारण इनमें से अधिकांश उपाय पहले से ही स्थापित हैं। हम सीख रहे हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं और कैसे हमारे जीवन में अधिक सामान्य स्थिति वापस लाई जा सके। अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय जो हमें दे सकते हैं उस सुरक्षा को पूरा कर के और उसे आगे बनाए रखते हुए ऐसे कुछ कानूनी उपायों को हटा पाने के लिए जो वर्तमान में आवश्यक बने हुए हैं, हम बढ़ते आत्मविश्वास के साथ ऐसी अपेक्षा कर सकते हैं।